प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नव निर्वाचित सांसदों की शपथ के साथ हुआ शुरू : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में ली शपथ।
2. प्रधानमंत्री ने कहा– उनकी सरकार सबको साथ लेकर चलेगी : देश की सेवा और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये निरन्तर करेगी प्रयास।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन के लिये अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।
4. अयोध्या में 13 जिलों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली आज से हुई शुरू।

और

5. प्रदेश में अलग–अलग जिलों में विभिन्न सड़क हादसों में दस लागों की मौत।

————————————

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नव निर्वाचित सांसदों के शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई।

*मैं नरेन्द्र  दामोदर दास मोदी जो लोकसभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं। ईश्वरर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्चीय श्रद्धा और निष्ठा रखूगां। मैं भारत की प्रभुत्ता और अखंडता अक्षुण्ण रखूगां तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं उसके कर्तव्यों  का श्रद्धापूर्वक निर्वाहन करूगां।*

प्रधानमंत्री के बाद लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाई गई। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने चेयरपर्सन पैनल के सदस्य के रूप में शपथ ली।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।

*आज 18वीं लोकसभा की पहली बैठक के दौरान संसद भवन में भारत की विविध बहुभाषीय और सांस्कृरतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा कई सांसदों ने तेलुगु, असमिया, बांग्ला, मलयालम, गुजराती, संस्कृत, कन्नड़, उड़िया, डोगरी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली। कुछ सांसद पारंपरिक पोशाक भी पहने दिखे। संसद परिसर में सांसदों के बीच खुशी और उत्साह देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसद एक–दूसरे का अभिवादन करते देखे गए। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले, सभी दलों के सांसद तस्वीरें खींचते और एक–दूसरे का गर्मजोशी से स्वागत करते देखे गए। विजयनगर से टीडीपी सांसद ए.कालीसेट्टी साइकिल से संसद पहुंचे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके और अन्य सांसदों ने संविधान की प्रतियां लेकर लोकसभा में प्रवेश किया। मानस प्रतिम के साथ भूपेन्द्र सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

इससे पूर्व आज सुबह, प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र बृहस्पतिवार से ही शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विपक्ष, लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरों सीबीआई ने नीट–यूजी में अनियमितताओं की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की विशेष टीम पटना और गोधरा पहुंच गई है। दोनों जगह पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किये हैं। बिहार पुलिस ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की आर्थिक आपराध इकाई ने कहा कि नीट–यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह द्वारा लीक किया गया था। बिहार की आर्थिक आपराधिक इकाई प्रश्नपत्रों की हैंडलिंग, ट्रांसपोर्ट और अन्य कड़ियों का सत्यापन कर रही है।

उधर, गुजरात के गोधरा में इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गोधरा में लगभग तीस अभ्यर्थियों को उनके प्रश्नपत्र हल करने में मदद करने में कथित भूमिका के लिये पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन के लिये आवास विकास के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। लखनऊ में आज हुई एक बैठक में मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिये शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री योगी ने कहा

कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे सभी सरकारी भवन जो उपयोग में नहीं है, जहां निर्माण कार्य अधूरा है उन्हें चिन्हित कर उनका सदुपयोग किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने पीएम जन विकास कार्यक्रम के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक पर्यटक आते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए होटल उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिये बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

—————————

## लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

अयोध्या में डोगरा रेजीमेंटल ग्राउंड पर आज से 13 जिलों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई है। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अन्तर्गत अम्बेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशाम्बी, कुशीनगर, महराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के युवाओं के लिये भर्ती रैली आयोजित की

जा रही है। अग्निवीर भर्ती रैली दो जुलाई तक चलेगी। भर्ती रैली में फिटनेस टेस्ट और शारीरिक माप परीक्षण में उत्तीर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच को जायेगी। इसके बाद उन्हें मेडिकल टेस्ट के लिये बुलाया जायेगा। अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, बिग्रेडियर के.रंजीव सिंह और स्थानीय सैन्य प्राधिकरण के समन्वय से भर्ती रैली आयोजित की जा रही है।

——————————

नये आपराधिक कानूनों में कानून की प्रक्रिया से बचने वाले अपराधियों से निपटने के लिये कड़े प्रावधान शामिल किये गये हैं। पहले सीआरपीसी में केवल 19 अपराधों में ही उद्घोषित अपराधी घोषित किया जा सकता था। भारतीय न्याय संहिता में 10 साल या उससे अधिक या आजीवन कारावास या मौत की सजा वाले अपराधों में कानूनी कार्रवाई से फरार किसी भी व्यक्ति को घोषित अपराधी माना जा सकता है। नये कानूनों में घोषित अपराधियों के लिये भारत के बाहर स्थित उनकी सम्पत्ति की पहचान, कुर्की और जब्ती के लिये एक नया प्रावधान जोड़ा गया है। घोषित अपरधियों की अनुपस्थिति में भी अब सुनवाई की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी।

नये आपराधिक कानूनों पर सुनिये उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के साथ आकाशवाणी

लखनऊ की खास बातचीत। कल सुबह सवा नौ बजे 747 किलोहट्ज एएम पर।

—————————

प्रदेश में अलग–अलग जिलों में हुये सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई हैं। प्रयागराज जनपद में सरायमरेज थाना क्षेत्र में आज सुबह टैंकर की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सोरो पेट्रोल पम्प के पास एक अनियंत्रित टैंकर ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। सभी मृतक जौनपुर के थाना मीरगंज क्षेत्र के रहने वाले थे। यह सभी लोग जौनपुर में एक समारोह में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

उधर, शामली में पानीपत–खटीमा राजमार्ग पर हरियाणा रोडवेज की बस ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सब्जी के ठेले को टक्कर मार दी, जिससे ठेला चालक और एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये, स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया।

(समाप्त)